# उद्यम प्रोत्साहन संस्थान
# कार्यालय आयुक्त, उद्योग विभाग, उद्योग भवन,
# तिलक मार्ग, राजस्थान, जयपुर–5

पत्रांक : एफ 1 (256) यूपीएस/इण्ड/बीकानेर हाऊस प्रदर्शनी/2017–18 दिनांक : 04.01.2018

## :: ई–निविदा सूचना ::

बीकानेर हाऊस, नई दिल्ली में आर्टीजन क्राफ्ट बाजार प्रदर्शनियों का आयोजन किया जाना है। निम्नलिखित कार्यो हेतु अनुभवी ठेकेदार/फर्मों से सीलबन्द ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उनके सामने अंकित दिनांक को दोपहर 2.30 बजे तक प्राप्त कर, उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के साथ अमानत राशि डिमाण्ड ड्राफ्ट से जमा कराना आवश्यक हैं, बिना अमानत राशि के निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। अद्योहस्ताक्षरकर्ता को बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | निविदा शुल्क | अमानत राशि | निविदा फार्म बेचने की अंतिम तिथि | निविदा फार्म प्रस्तुत करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | टेन्टेज संबंधी विभिन्न कार्य | 20.00 लाख | 400/– | 40,000/– | 18.01.18 दोपहर 2.30 बजे तक | 18.01.18 दोपहर 3.30 बजे तक |

1. उक्त निविदा प्रपत्र पोर्टल e.procurment portal http://eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा e.pro site पर electronically ही प्रस्तुत करनी होगी।
2. प्रोसेसिंग फीस 500/– का ड्राफ्ट MD, RISL, Jaipur के पक्ष में देय होगा।

प्रबन्ध निदेशक
उद्यम प्रोत्साहन संस्थान
जयपुर

# उद्यम प्रोत्साहन संस्थान
# कार्यालय आयुक्त, उद्योग विभाग, उद्योग भवन,
# तिलक मार्ग, राजस्थान, जयपुर–5

| | |
|---|---|
| **निविदा बेचने की अंतिम तिथि व समय** | **18.01.2018 दोपहर 2.30 बजे तक** |
| **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय** | **18.01.2018 दोपहर 3.30 बजे तक** |

**टेण्डर फार्म**

**आर्टीजन क्राफ्ट बाजार, बीकानेर हाऊस, नई दिल्ली**

बीकानेर हाऊस, नई दिल्ली में आयोजित की जाने वाली आर्टीजन क्राफ्ट बाजार, बीकानेर हाऊस, नई दिल्ली औद्योगिक मेला–प्रदर्शनियों के लिए प्रकाशित निविदा एस.पी. संख्या एफ 1 (256) यूपीएस/इण्ड/बीकानेर हाऊस प्रदर्शनी/2017–18 दिनांक 04.01.2018 के अन्तर्गत टेण्डर आवेदन पत्र।

प्रबन्ध निदेशक,
उद्यम प्रोत्साहन संस्थान,
कार्यालय आयुक्त, उद्योग भवन,
जयपुर।

**विषय :– एस.पी.संख्या एफ 1(256) यूपीएस/इण्ड/बीकानेर हाऊस प्रदर्शनी/2017–18 दिनांक 04.01.2018.**

महोदय,

1. आप द्वारा प्रकाशित संदर्भित निविदा एफ 1(256) यूपीएस/इण्ड/बीकानेर हाऊस प्रदर्शनी/2017–18 दिनांक 04.01.2018 में दी गई समस्त शर्तों की पालना के लिए मैं पूर्ण रूप से सहमत हूँ। संदर्भ में संलग्न प्रत्येक पृष्ठ पर फर्म के मालिक/साझेदार के हस्ताक्षर है ।

2. आप द्वारा प्रकाशित निविदा के सन्दर्भ में मेरी/ हमारी फर्म की दरें संलग्न निविदा पत्र में अंकित हैं ।

3. आर्डर मिलने पर स्टालों का निर्माण, लाईट डेकोरेशन आदि का समस्त कार्य (पूर्ति) *प्रदर्शनी प्रारम्भ की दिनांक से 2 दिन पूर्व तक पूर्ण कर दी जायेगी ।*

4. हमारे द्वारा दी गई दरें दिनांक .............................. तक लागू/मान्य होगी ।

5.. अमानत राशि के लिए "उद्यम प्रोत्साहन संस्थान" के पक्ष में बैंक ड्राफ्ट संख्या ......... ..... दिनांक ............... राशि 40,000/– बैंक का नाम................................संलग्न है ।

6. जी.एस.टी रजिस्ट्रेशन प्रमाण–पत्र, पैन नम्बर की प्रमाणित प्रतियां व अनुभव प्रमाण–पत्र संलग्न है ।

7. विशेष विवरण

दिनांक :

हस्ताक्षर
मालिक/साझेदार
फर्म का नाम व पूर्ण पता

दूरभाष नं.______________
फेक्स नं.______________
मोबाईल नं.______________
ई–मेल एड्रेस____________

# निविदा की शर्ते

निविदादाता को निविदा भरते समय इन शर्तों का अध्ययन कर निर्धारित प्रपत्र में कार्य पूर्ण विवरण देते हुए निविदा प्रस्तुत करनी होगी :–

- हैरिटेज बिल्डिंग/महत्वपूर्ण गवर्नमेन्ट बिल्डिंग/कल्चरल बिल्डिंग/डिप्लोमेट एस्टेट में गत पॉच वित्तीय वर्ष से निरन्तर कार्य करने, उन पॉच वित्तीय वर्षों में से प्रत्येक वर्ष, कम से कम तीन इवेन्ट्स का कार्य करने के कार्यादेश/अनुभव प्रमाण–पत्र की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
- प्रस्तुत किये जाने वाले कार्यादेश/अनुभव प्रमाण–पत्र सक्षम अधिकृति द्वारा जारी किये हुए होने चाहिए। प्रस्तुत की जाने वाली फोटोस्टेट प्रति स्व–सत्यापित (self attested) होनी चाहिए।
- चाहे जाने पर उक्त कार्यादेश/अनुभव प्रमाण–पत्रों की मूल प्रति अवलोकन हेतु प्रस्तुत करनी होगी।
- उक्तानुसार प्रस्तुत कार्यादेश/अनुभव प्रमाण–पत्र सम्बन्धी कार्यों में से गत पॉच वित्तीय वर्ष में से *प्रत्येक वर्ष में किसी एक कार्य का मूल्य रू. 5.00 लाख या इससे अधिक होना चाहिए।*
- कार्यादेश/अनुभव प्रमाण–पत्र सम्बन्धी कार्य के मूल्य के अनुरूप निम्नानुसार भार (weightage) *दिया जायेगा :–*

| मूल्य लाख रू. में | weightage |
|---|---|
| *5.00 लाख रू.* | *5 अंक* |
| 7.00 लाख रू. | 7 अंक |
| *10.00 लाख रू. या अधिक* | *10 अंक (अधिकतम)* |

- दरों की यूनिट का किसी भी दशा में परिर्वतन नहीं किया जाना चाहिए तथा दरों का इन्द्राज *अंकों व शब्दों में दोनों में होना चाहिए।*
- प्रथम चरण में Technical Bid खोली जायेगी जिसके अनुसार निविदा फर्म द्वारा गठित कमेटी के समक्ष कार्य का प्रजेंटेंशन करना होगा। द्वितीय चरण में तकनीकी बिड में पात्र फर्म की Financial Bid खोली जायेगी।
- बिजली एवं टेन्ट व्यवस्था हेतु मेला स्थल पर अनुभवी मिस्त्री/इलेक्ट्रीशियन, निविदादाता को पूर्ण समय के लिए उपलब्ध कराना होगा।
- निविदादाता अपने कार्य को या उसके किसी मूल भाग को किसी अन्य एजेन्सी को सब–लेट *नहीं करेंगा।*
- विवरण में उल्लेखित कार्य उनके निर्धारित विशेष विवरणों के अनुसार उत्तम क्वालिटी का होगा। सामान की किस्म के बारे में स्वीकृति प्रदान करने वाले प्रभारी अधिकारी का निर्णय ही अंतिम होगा, जो निविदा देने वाले को मान्य होगा। यदि प्रदाय की गई वस्तुएं अनुमोदित नहीं की जाती है एवं इस प्रकार की वस्तुएं रद्द करने योग्य है या परिवर्तित करने योग्य है एवं इस माल को रद्द करने से उसको परिवर्तन करने में यदि कोई व्यय या हानि होगी यह सब निविदादाता को वहन करनी होगी।
- संस्थान का अधिकृत प्रतिनिधि समय–समय पर कार्य का निरीक्षण करेंगा तथा लगाये जाने वाले माल पदार्थ एवं उसकी क्वालिटी आदि के बारे में जांच करने की शक्ति रखेगा।
- निविदा देने वाले अपने कार्यालय, गोदाम आदि का पूर्ण पता जहॉं सामान निरीक्षण किया जा सके एवं उस व्यक्ति का नाम व टेलीफोन नं. व फेक्स नं. एवं मोबाईल नं. जिससे कार्य हेतु सम्पर्क किया जा सके, आवश्यक रूप से देगा।
- यदि अनुमोदित क्वालिटी या साईज से भिन्न माल उपयोग किया जाता है तो रद्द किया जा सकेगा। बिना अतिरिक्त मूल्य के एक निश्चित अवधि के भीतर तत्काल निविदादाता द्वारा बदलने होंगे। यदि संस्थान हित में आवश्यकता के कारण उसमें परिवर्तन करना सम्भव न हो तो ऐसे माल की राशि उचित रूप से कम कर दी जायेगी। कार्य कराये जाने वाले अधिकारी द्वारा निश्चित की गई कीमत अन्तिम होगी।

- सामान को लाने–लगाने एवं वापिस ले जाने में टूट–फूट, चोरी, आगजनी, तूफान, बाढ़, दंगा फसाद, आतंकवाद व अन्य किसी कारण से हुई हैंगर्स एवं टेन्टेज संबंधी सामान की हानि की समस्त जिम्मेदारी निविदादाता की होगी। टेन्ट, विद्युत सम्बन्धी समस्त सामान का बीमा स्वयं निविदादाता को कराना होगा। इस सम्बन्ध में संस्थान की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
- सामान को प्रदर्शनी स्थल तक लाने व वापस ले जाने का किराया भाड़ा निविदा दाता को ही वहन करना होगा।
- निविदादाता द्वारा दी गई दरों में किराया एवं निर्माण की लागत शामिल होगी। निर्माण सामग्री ठेकेदार को स्वयं लानी व ले जानी होगी। दर प्रतिदिन के हिसाब से अंकित की जानी है।
- निविदा के होने वाले कार्यों पर लगने वाले सभी प्रकार के करों की भुगतान की जिम्मेदारी निविदादाता की होगी।
- सभी स्तर के डिजाईन आवश्यकतानुरूप परिवर्तन किये जा सकते हैं। जिसके निर्माण/डेकोरेशन पर कोई अतिरिक्त व्यय देय नहीं होगा। आदेशित मात्रा से कम या अधिक कराये गये कार्य की भुगतान अनुपातिक आधार पर किया जायेगा। अतिरिक्त कार्य के भुगतान हेतु कमेटी द्वारा की गई सिफारिश मान्य होगी।

– कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण किया जाना आवश्यक होगा। समय पर कार्य पूर्ण न करने पर संस्थान में गठित समिति द्वारा निर्धारित शास्ति आरोपित की जाएगी।

- भुगतान हेतु बिल तीन प्रतियां में प्रस्तुत करना होगा। जीएसटी बिल ही प्रस्तुत करना होगा।
- अमानत राशि उद्यम प्रोत्साहन संस्थान, जयपुर के नाम से बैंक ड्राफ्ट द्वारा जमा करानी होगी। बिना अमानत राशि के विचार नहीं किया जायेगा।
- सफल निविदादाता को कार्य की लागत के 5 प्रतिशत के बराबर प्रतिभूति राशि बैंक ड्राफ्ट द्वारा जमा करानी होगी जिस पर कोई ब्याज देय नहीं होगा तथा जो पूर्ण भुगतान के निपटारे के पश्चात् वापस लौटाई जायेगी।
- कार्यादेश मिलने के उपरान्त 3 दिन में 1000/–रू. के स्टाम्प पेपर पर निर्धारित प्रपत्र में अनुबन्ध–पत्र हस्ताक्षर कर प्रस्तुत करना होगा।
- निविदा में प्रस्तुत दरें वित्तीय वर्ष 2017–18 तक मान्य समझी जायेगी। दोनों पक्षों की सहमति से वैधता बढ़ाई जा सकेगी।
- निविदादाता को निविदा के साथ जी.एस.टी/आई.जी.एस.टी पंजीयन प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।
- अन्य शर्ते सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों अनुसार मान्य होंगी। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को अस्वीकार किया जा सकता है।
- विवाद की स्थिति में आयुक्त उद्योग एवं अध्यक्ष, उद्यम प्रोत्साहन संस्थान का निर्णय अन्तिम एवं मान्य होगा।
- इस सम्बन्ध में समस्त न्याय का क्षेत्र जयपुर (राजस्थान) होगा।
- आदेशित मात्रा में बल्ब एवं ट्यूबलाईट, हैलोजन, झालर, मेटेलिक लाईट्स एवं एलईडी चालू अवस्था में रहेंगे ।
- निविदत्त कार्यो के अतिरिक्त अन्य कार्य कराया जाता है तो उस कार्य की दरें मेला समिति के निर्णयानुसार ही भुगतान की जायेंगी।
- कार्य करने में असफल रहने अथवा समय पर पूर्ण नहीं करने की अवस्था में सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों के अनुसार लिक्वीडेटेड डेमेज वसूल किया जायेगा व निविदादाता की रिस्क एण्ड कास्ट पर कार्य करवाया जा सकेगा।
- अपरिहार्य कारणों से यदि कोई प्रदर्शनी निरस्त होती है, तो उसका कोई क्लेम देय नहीं होगा।
- उक्त आर्टीजन क्राफ्ट बाजार प्रदर्शनियां माह फरवरी 2018 एवं मार्च 2018 में आयोजित की जायेगी। प्रत्येक प्रदर्शनी की अवधि 15–15 दिवस होगी।
- RTPP Act-2012 RTPP Rule-2013 के समस्त प्रावधान लागू होंगे।
- स्त्रोत पर नियमानुसार आयकर, GST आदि की कटौति की जावेगी।

- Annexure A,B,C,D निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना है।
- निविदा शुल्क रू.400/–का डिमाण्ड ड्राफ्ट उद्यम प्रोत्साहन संस्थान, जयपुर के नाम प्रस्तुत करना होगा।
- निविदा Eproc site पर electronically ही प्रस्तुत करनी है।
- प्रोसेसिंग फीस 500/– रू. का डिमाण्ड ड्राफ्ट MD, RISL, Jaipur के पक्ष में देय होगा।

# <u>DETAILS OF WORK</u>

*G-Schedule*

DETAILS OF WORK
G-SCHEDULE

| S.N | ITEMS | SIZE (APPROX) |
|---|---|---|
| 1 | TENT 03 NOS. (DIVIDED X 4 PARTS)(NON WATERPROOF) | 20 FT X 20 FT |
| | | |
| 2 | BIFURCATION FOR 12 STAILS | |
| | SIDE MASKING WITH OF WHITE FABRIC WITH FRAME WORK (FOR 12 STALLS) | 8FT X 360FT |
| | WOODEN FLOORING WITH CARPET & WHITE SHEET ON TOP 12 NOS. | 10FT X 10FT X 1FT HT |
| | ROUND TAKIYA WITH WHITE COVER 48 NOS. | |
| | CUSHION WITH WHITE COVER 48 NOS | |
| | RAJASTHANI PIDI IN BLACK COLOR WITH CUSHION IN WHITE 24 NOS. | |
| | CLIP LIGHTS WITH COMPLETE WIRING IN ALL RESPECT 24 NOS. | |
| | SIDE COVERING WITH KANAT CLOSING BAZAR EVERY DAY | 10FT X 8FT |
| | AND WILL PROVIDE PERSON FOR OPENING & CLOSING | |

**TENDER FORM FOR CONSTRUCTION OF STALLS etc.**

**ON HIRE BASIS FOR**

| S.No. | Details of Work | Rates | GST | Total |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Lumpsum amount for items under tender & *G-schedule* | | | |

01. दर प्रतिदिन के हिसाब से अंकित की जानी है।
02. दरों में जीएसटी सम्मिलित है अथवा नहीं, का स्पष्ट उल्लेख करना होगा।
03. उल्लेखित उपापन में जीएसटी दर का उल्लेख किया जाना अनिवार्य है।

**Signature with name**

**Seal of the firm**

**Date:**

**Place:**